जे पी इंटरनेशनल स्कूल,ग्रेटर नोएडा
विषय- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

दिनांक-29-6-2024 **सत्र-2024-25** **Circular No: JPIS/ /24/ 52**

प्रिय अभिभावक,

नमस्कार

हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड- 2024 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी भाषा से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान सरलता से कर पाएँगे और निशुल्क दी जाने वाली 'ई- अभ्यास- पुस्तिका के माध्यम से अधिक- से -अधिक अंक प्राप्त कर सकेंगे।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति -पत्र कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पदक एवं प्रशस्ति- पत्र ,कक्षा में तीसरी से बारहवीं तक के प्रतिभागियों के लिए राज्य / क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले को ट्रॉफी तथा श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले को 5100/-रुपए नकद राशि प्रदान की जाएगी ।बोर्ड कक्षाओं के प्रतिभागियों के लिए यह राशि 7500/- रुपए होगी ।

इस प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को परीक्षा शुल्क के रुप में ₹200 /- देने होंगे । कृपया शुल्क राशि कक्षाध्यापिका को भेजवाएँ । शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 18-07-2024 (बृहस्पतिवार) है।

अधिक जानकारी के लिए हिंदी ओलंपियाड प्रभारी सरिता सिंह के संपर्क सूत्र (8700862251) पर संपर्क करें ।

Principal JP International School Greater Noida

श्रीमती रुबी चंदेल
प्रधानाचार्या